MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -4 अंक -9 मंदसौर, 19 अगस्त 2026 बुधवार से 25 अगस्त 2026 तक पृष्ठ -4 कीमत 2 रू.

## बंशीलाल गुर्जर को राष्ट्रीय किसान मोर्चा अध्यक्ष बनने पर शामगढ़ प्रतिनिधिमंडल ने दी बधाई

यशस्वी दुनिया ⦿शामगढ़



शामगढ़। भाजपा की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में मंदसौर जिले को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर जिलेभर में हर्ष का माहौल है। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

इसी क्रम में शामगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कविता नरेंद्र यादव के नेतृत्व में शामगढ़ का प्रतिनिधिमंडल बंशीलाल गुर्जर से भेंट करने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें किसान मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पुष्पहार पहनाकर एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका स्वागत किया गया। श्रीमती

कविता यादव ने कहा कि बंशीलाल गुर्जर को राष्ट्रीय किसान मोर्चा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से मंदसौर जिले सहित पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ा है। उनके लंबे राजनीतिक एवं संगठनात्मक अनुभव का लाभ देशभर के किसानों और भाजपा संगठन को मिलेगा।

बधाई एवं स्वागत से अभिभूत बंशीलाल गुर्जर ने शामगढ़ के कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने शामगढ़ आने की इच्छा जताते हुए शीघ्र ही नगर आने की सहमति भी दी।

बंशीलाल गुर्जर की नियुक्ति से शामगढ़ सहित पूरे क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह है। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में किसान मोर्चा किसानों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

## शामगढ़ पुलिस की कार्रवाई: वध के लिए ले जाए जा रहे चार गोवंश बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार

शामगढ़। शामगढ़ पुलिस टीम ने मंगलवार सुबह गोवंश तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार गोवंश को दो वाहनों से बरामद किया है। पुलिस ने मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम एवं गोवंश के अवैध परिवहन से संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शामगढ़ थाना क्षेत्र के बनी एवं कुरावन के बीच पुलिस टीम को दो वाहनों में गोवंश ले जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को रोककर तलाशी ली, जिसमें चार गोवंश पाए गए। पूछताछ में आरोपियों द्वारा गोवंश को मेलखेड़ा से झाबुआ की ओर ले जाना बताया गया।

पुलिस के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों में अजय एवं अर्जुन, निवासी लदूना, प्रेम कुमार, निवासी रहीमगढ़ तथा विशाल, निवासी झाबुआ बताए जा रहे हैं। आरोपियों के पास गोवंश के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए।

शामगढ़ पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है तथा दोनों वाहनों एवं चारों गोवंश को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस की इस कार्रवाई को गोवंश तस्करी के विरुद्ध महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

## डिजिटल युग में साइबर अपराध कानून कैसे करता है मुकाबला

इंटरनेट और डिजिटल तकनीक के बढ़ते प्रसार ने अपराध की एक नई श्रेणी को जन्म दिया है, जिसे साइबर अपराध कहा जाता है। जैसे-जैसे व्यक्तिगत, वित्तीय और सरकारी गतिविधियां ऑनलाइन होती जा रही हैं, अपराधियों ने डिजिटल प्रणालियों का दुरुपयोग करने के नए तरीके खोज लिए हैं। यही कारण है कि साइबर अपराध आज की सबसे गंभीर कानूनी चुनौतियों में से एक बन गया है। व्यापक रूप से देखा जाए तो साइबर अपराध से तात्पर्य ऐसे किसी भी गैरकानूनी कृत्य से है, जो कंप्यूटर, कंप्यूटर नेटवर्क या किसी डिजिटल उपकरण का उपयोग करके किया जाता है। इसमें कंप्यूटर या डिजिटल प्रणाली स्वयं अपराध का लक्ष्य हो सकती है, जैसे हैकिंग या डेटा चोरी, अथवा डिजिटल उपकरण अपराध को अंजाम देने का माध्यम हो सकता है, जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर स्टॉकिंग और पहचान की चोरी।

भारत में इस बढ़ते खतरे से निपटने के लिए मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 लागू है। इसमें हैकिंग, पहचान की चोरी, साइबर आतंकवाद और अश्लील सामग्री से संबंधित अपराधों को शामिल किया गया है। इसके साथ भारतीय न्याय संहिता डिजिटल माध्यम से की गई धोखाधड़ी, मानहानि और धमकी जैसे अपराधों से निपटती है। वहीं, भारतीय साक्ष्य अधिनियम इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को अदालत में प्रमाणित करने और स्वीकार किए जाने की प्रक्रिया को नियंत्रित करता है। जब कोई साइबर अपराध होता है, तो सामान्यतः इसकी शुरुआत शिकायत या एफआईआर से होती है, जिसे अक्सर राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से दर्ज किया जाता है। इसके बाद विशेष साइबर सेल डिजिटल साक्ष्यों को एकत्र करने का काम करती है। इन साक्ष्यों को सुरक्षित रखते हुए उनकी पूरी कस्टडी चेन का रिकॉर्ड बनाया जाता है और फिर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाता है। आरोपी की पहचान होने के बाद आरोप-पत्र दाखिल किया जाता है और मामला अदालत में पहुंचता है, जहां इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और विशेषज्ञों की गवाही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जैसे-जैसे तकनीक लगातार विकसित हो रही है, वैसे-वैसे इसके दुरुपयोग से निपटने के लिए बनाए गए कानूनों और संस्थानों को भी विकसित होना होगा। जागरूक नागरिक, समय पर साइबर अपराध की रिपोर्टिंग और मजबूत जांच व्यवस्था मिलकर साइबर अपराध की लगातार बढ़ती दुनिया के खिलाफ सबसे मजबूत सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं।



Adv. Amit P. Patel
Advocate gujarat high court

## नारायणगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, स्विफ्ट कार से 100 किलो डोडाचूरा जब्त

मंदसौर। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नारायणगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 100 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बिना नंबर की स्विफ्ट कार सहित मोबाइल फोन भी जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक मंदसौर श्री विनोद कुमार मीणा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री तेर सिंह बघेल एवं अनुविभागीय अधिकारी मल्हारगढ़ श्री पी.एस. बघेल के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र कुमार पवार के नेतृत्व में 18 अगस्त 2026 को झार्डा-भंवरासा रोड स्थित बोरखेड़ी फंटा यात्री प्रतिक्षालय के सामने वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान सउनि के.एल. प्रजापति एवं पुलिस टीम ने बिना नंबर की सिल्वर रंग की स्विफ्ट कार को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार में पांच प्लास्टिक के कट्टों में भरा कुल 100 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से आरोपी अजय सिंह पिता हरिसिंह सौंधिया राजपूत, उम्र 24 वर्ष, निवासी बेलारी, थाना नीमच सिटी, जिला नीमच को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना नारायणगढ़ में अपराध क्रमांक 257/26 के तहत धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी से बरामद डोडाचूरा के स्रोत एवं तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

कार्रवाई में पुलिस ने 100 किलोग्राम डोडाचूरा, जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख रुपये है, एक बिना नंबर की मारुति स्विफ्ट कार जिसकी कीमत करीब 5.50 लाख रुपये तथा विवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल फोन, कीमत करीब 10 हजार



रुपये, जब्त किया है।

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी नारायणगढ़ सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# संपादकीय

## ऑनलाइन गेमिंग से बर्बाद होते युवा

बीते कुछ सालों में ऑनलाइन गेमिंग का दायरा कुछ इस कदर बढ़ा है कि देश के युवा इसकी चपेट में आकर बर्बाद हो रहे हैं, अपना लाखों-करोड़ों रुपया गंवा रहे हैं। सरकार का अनुमान है कि लगभग 45 करोड़ लोग ऑनलाइन रियल-मनी गेमिंग में हर साल लगभग 20,000 करोड़ रुपये गंवा देते हैं। बीते दिनों पंजाब के नवांशहर में ऑनलाइन गेमिंग में 5 से 7 लाख रुपये की भारी रकम हारने के बाद तीन दोस्तों ने कथित तौर पर जहर खा लिया। इस दर्दनाक घटना में 21 वर्षीय युवक और एक किशोर की मौत हो गई, जबकि तीसरे किशोर का बीते कुछ सालों में ऑनलाइन गेमिंग का दायरा कुछ इस कदर बढ़ा है कि देश के युवा इसकी चपेट में आकर बर्बाद हो रहे हैं, अपना लाखों-करोड़ों रुपया गंवा रहे हैं। सरकार का अनुमान है कि लगभग 45 करोड़ लोग ऑनलाइन रियल-मनी गेमिंग में हर साल लगभग 20,000 करोड़ रुपये गंवा देते हैं। बीते दिनों पंजाब के नवांशहर में ऑनलाइन गेमिंग में 5 से 7 लाख रुपये की भारी रकम हारने के बाद तीन दोस्तों ने कथित तौर पर जहर खा लिया। इस दर्दनाक घटना में 21 वर्षीय युवक और एक किशोर की मौत हो गई, जबकि तीसरे किशोर का इलाज अस्पताल में जारी है। बीती 8 अगस्त को शाहजहांपुर में ऑनलाइन गेम में हारने से अवसादग्रस्त एक 36 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। बीती 30 जुलाई को बिहार के कटिहार में ऑनलाइन गेमिंग की लत एक युवक के लिए जानलेवा साबित हुई। बीती मार्च में कर्नाटक के 'बीदर आयुर्विज्ञान संस्थान' के 21 वर्षीय मेडिकल छात्र ने ऑनलाइन गेमिंग में 80,000 रुपये गंवाने के बाद वित्तीय दबाव से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। सस्ते इंटरनेट और किफायती स्मार्टफोन के बदौलत भारत ने न सिर्फ 'डिजिटल इंडिया' तक का सफर तय किया। बल्कि इसके साथ-साथ ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग और बेटिंग जैसी इंडस्ट्री भी फलने-फूलने लगी। भारत में ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग की शुरुआत किफायती इंटरनेट और स्मार्टफोन के साथ ही शुरु हुआ। इंटरनेट और मोबाइल फोन ने इसका आधार बनाया और लोगों के बीच में तेजी से पॉपुलर किया। साल 2006 से 2010 के बीच में भारतीय मोबाइल यूजर्स के बीच ऐस-2-थ्री और 'रम्मी सर्कल' जैसे शुरुआती प्लेटफॉर्म्स ने ऑनलाइन रम्मी गेम्स को बढ़ावा दिया। 2008 में 'ड्रीम11' की शुरुआत हुई, जिसने 2012 से रियल मनी फैंटेसी क्रिकेट पेश किया। इस गेम के विनर्स से ऐसी माउथ पब्लिसिटी मिली कि देश में लगभग हर तीसरे क्रिकेट फैन के फोन में यह ऐप या ऐसी ही दूसरी ऐप मिल जाएगी। साल 2016 में भारत में टेलीकॉम कंपनियां ने मोबाइल इंटरनेट को काफी हद तक किफायती कर दिया। पूरे महीने के लिए मिलने वाला 1 से 2 जीबी डाटा डेली कर दिया गया। इससे मोबाइल गेमिंग के यूजर्स में काफी बढ़ौतरी हुई। किफायती इंटरनेट ने डिजिटल इंडिया को भी बढ़ावा मिला। यूपीआई ने न सिर्फ डिजिटल पेमेंट्स को आसान बनाया बल्कि रियल मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म से ट्रांजैक्शन को भी आसान बना दिया। अब लोग आसानी से इन प्लेटफॉर्म में रुपये लगा सकते थे और जीतने पर आसानी से निकाल भी सकते थे। 2017 में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने 'ड्रीम 11' के फॉर्मेट को 'गेम ऑफ स्किल' करार दिया। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस फैसले को बरकरार रखा। इससे पहले रम्मी को भी स्किल-बेस्ड गेम करार दिया जा चुका था। सुप्रीम कोर्ट के इन फैसलों के बाद भारत में रियल मनी गेमिंग को कुछ हद तक कानूनी मान्यता मिली और भारत में गेमिंग इंडस्ट्री को तेजी मिली। कोविड-19 के चलते लगे लॉकडाउन में लाखों यूजर्स ने मनोरंजन के लिए इस तरह के गेमिंग प्लेटफॉर्म का रुख किया। वहीं इस बीच इस तरह के गेमिंग प्लेटफॉर्म को घरेलू निवेशकों के साथ-साथ जमकर एफडीआई भी मिले। अकेले 2018 से 21 के बीच में ऑनलाइन गेमिंग को 700 मिलियन डॉलर से ज्यादा का विदेशी निवेश मिला और ड्रीम11, एमपीएल, गेम्स 24म7 जैसे स्टार्टअप देखते-देखते यूनिकॉर्न बन गए। भारत के ऑनलाइन गेमिंग को मिले बूम के चलते 2023 तक भारत में इसका मार्केट साइज 3.7 अरब डॉलर का हो चुका था। इसके साथ ही 2029 तक इसके 9.1 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान था। इन गेम्स को बूम मिलने का सबसे बड़ा कारण था कि इनका करीब 86 प्रतिशत रेवेन्यू रियल मनी फॉरमेंट से आता है।

# विवाद के बाद दो भाइयों का तांडव-युवक और माता-पिता पर तलवार से हमला; बेटे के सिर में 10 टांके, मां का हाथ फ्रैक्चर

मंदसौर। पिपलियामंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पलेवना में सोमवार देर रात विवाद के बाद दो सगे भाइयों ने एक युवक और उसके माता-पिता पर तलवार से हमला कर दिया। हमले में 25 वर्षीय युवक लक्ष्मण सिंह, उसकी मां मुन्नाबाई और पिता सज्जन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



### बीच-बचाव के बाद घर पहुंचा युवक

घायल लक्ष्मण सिंह (25) पिता सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि सोमवार शाम करीब 7 बजे वह झारड़ा से अपने गांव पलेवना लौट रहा था। रास्ते में उसके दोस्त शैलेंद्र, राय सिंह पिता कचरू सिंह और उसके भाई चतर सिंह के बीच विवाद चल रहा था। लक्ष्मण ने दोनों भाइयों को समझाकर विवाद शांत कराने की कोशिश की और उन्हें झगड़ा नहीं करने की बात कहकर अपने घर चला गया।

### दूध सप्लाई कर लौटते समय हमला

लक्ष्मण घर पहुंचने के बाद भैंस का दूध निकालकर ग्राम साबाखेड़ा में दूध सप्लाई करने चला गया। देर रात जब वह वापस घर पहुंचा और मोटरसाइकिल खड़ी कर रहा था, तभी राय सिंह और चतर सिंह वहां पहुंच गए। आरोप है कि इसी दौरान चतर सिंह ने लक्ष्मण के सिर पर तलवार से वार कर दिया। अचानक हुए हमले में लक्ष्मण गंभीर रूप से घायल हो गया।

### बेटे को बचाने आए माता-पिता पर भी हमला

लक्ष्मण की चीख-पुकार सुनकर उसकी मां मुन्नाबाई और पिता सज्जन सिंह घर से बाहर आए। आरोप है कि दोनों भाइयों ने बीच-बचाव करने पहुंचे माता-पिता पर भी तलवार से हमला कर दिया। हमले में तीनों घायल हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिसके बाद दोनों आरोपी वहां से भाग गए।

### युवक के सिर में 10 टांके, मां का हाथ फ्रैक्चर

हमले में लक्ष्मण सिंह के सिर में गंभीर चोट आई है। उसके सिर पर करीब 10 टांके लगाए गए हैं। उसकी मां मुन्नाबाई के हाथ में गंभीर चोट लगी है और हाथ में फ्रैक्चर बताया गया है। वहीं पिता सज्जन सिंह के हाथ में भी गहरी चोट आई है। उन्हें करीब 8 से 10 टांके लगाए गए हैं। फिलहाल तीनों घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है।


ट्रेवल्स अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन

मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा





दूध डेयरी का सामान





डेयरी संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।

साथ ही

आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु
CCTV कैमरे लगवाईये।

L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन
वारंटी व गारंटी के साथ

हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं

मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485




हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268



प्रो-टीयू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851

राज लाइट डेकोरेशन



एण्ड डीजे साउंड

हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।





चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़




ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर

आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़

Mob.9752457614,9893826814


आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।



नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ.विक्रांत भावसार

प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेगें

समय प्रातः 10 से 1 बजे तक














# दिनदहाड़े बाइक चोरी का प्रयास, लॉक नहीं टूटने पर खाली लौटे, फुटेज में भागते दिखे आरोपी



शामगढ़ । स्थित दाल मिल कॉलोनी में दिनदहाड़े बाइक चोरी का प्रयास किया गया। मंगलवार शाम करीब 5:30 बजे दो अज्ञात बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी एक बाइक चुराने की कोशिश की, लेकिन वे लॉक नहीं तोड़ पाए। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो के अनुसार, बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार दो युवक कॉलोनी में पहुंचे। एक युवक ने पहले बाइक का लॉक तोड़ने का प्रयास किया। जब वह सफल नहीं हुआ, तो उसका दूसरा साथी भी उसके साथ शामिल हो गया। दोनों ने काफी मशक्कत की, लेकिन लॉक खोलने में नाकाम रहने पर मौके से फरार हो गए।

दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद दाल मिल कॉलोनी और आसपास के निवासियों में डर का माहौल है। लोग अपनी गाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोह की आशंका जता रहे हैं। घटना के संबंध में शामगढ़ थाना प्रभारी कपिल सौराष्ट्र से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नॉट रीचेबल आया।










# मंदसौरसिटी कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 6 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

मंदसौर। सिटी कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। बरामद वाहनों की कुल अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 40 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस के अनुसार, 2 अगस्त 2026 को सिद्दी विनायक अस्पताल की पार्किंग से हीरो स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल क्रमांक स्वक्षा4रस्र्झ4390 चोरी हो गई थी। मामले में फरियादी विकास पिता गोपाल सूर्यवंशी, निवासी दलौदा रेल, जिला मंदसौर की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। पुलिस को मिली जानकारी के आधार पर आरोपी अर्जुन पिता सत्यनारायण भांड, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम जवासिया, थाना भावगढ़, जिला मंदसौर की पहचान की गई। पुलिस ने उसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की तो उसने सिद्दी विनायक अस्पताल से चोरी की गई मोटरसाइकिल के अलावा 5 अन्य मोटरसाइकिलें चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने कुल 6 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

पुलिस के अनुसार, आरोपी से पूछताछ जारी है। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अन्य 5 मोटरसाइकिलें भी चोरी करना बताए जाने की बात सामने आई है, जिनके संबंध में पुलिस द्वारा आगे जांच की जा रही है।

# थमा बारिश का दौर: 19 अगस्त से फिर बारिश के आसार, सीजन में अब तक 20.33 इंच वर्षा

मंदसौर। जिले में बारिश का दौर फिलहाल थम गया है। पिछले 24 घंटे में मंदसौर शहर सहित जिले के अधिकांश हिस्सों में बारिश दर्ज नहीं हुई। कुछ क्षेत्रों में 5 से 10 मिनट तक हल्की बूंदाबांदी जरूर हुई। रविवार और सोमवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन तेज बारिश नहीं हुई। मंदसौर के अलावा दलौदा, अफजलपुर, सीतामऊ, नाहरगढ़, भानपुरा, गरोठ, सुवासरा, शामगढ़, मल्हारगढ़, पिपलियामंडी, नारायणगढ़, डिगांव और बरखेड़ा सहित अधिकांश क्षेत्रों में भी बारिश नहीं हुई।

## इस साल अब तक 25 मिमी कम बारिश

1 जून से 17 अगस्त 2026 तक जिले में कुल 5681.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इस अवधि में जिले की औसत मौसमी बारिश 516.5 मिमी यानी 20.33 इंच रही। पिछले साल 17 अगस्त तक यह आंकड़ा 541.5 मिमी यानी 21.32 इंच था। इस तरह इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में करीब 25 मिमी यानी लगभग 1 इंच कम बारिश हुई है।

# स्नैपचैट पर दोस्ती कर युवती से रेप-वीडियो बनाया, बोला-पैसे दो नहीं तो वायरल कर दूंगा; 15 लाख ऐंठे, आरोपी गिरफ्तार

मंदसौर । वायडी नगर थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर दोस्ती कर युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने 28 वर्षीय युवक को सूरत से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने सोशल मीडिया पर युवती से दोस्ती की। शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर सोने के जेवर ले लिए। आरोपी से 15 लाख रुपए की ज्वेलरी बरामद हुई है।

पुलिस के अनुसार, मंदसौर निवासी पीड़िता की 2025 में स्नैपचैट के जरिए राजवीर नाम के युवक से दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों इंस्टाग्राम पर बातचीत करने लगे। उनके बीच प्रेम संबंध बन गए। आरोपी पीड़िता से मिलने मंदसौर आने लगा।

## शादी का झांसा देकर होटल में किया रेप

आरोप है कि इसी दौरान आरोपी युवक ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर होटल में बुलाया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने होटल में पीड़िता का वीडियो भी बना लिया।

फिर वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी ने पीड़िता से सोने के जेवर की मांग की। डर से पीड़िता ने अपनी मां, बहन, भाभी और खुद के सोने के जेवर आरोपी को दे दिए।

**परिवार को ज्वेलरी गायब होने पर हुआ शक**

घर से लगातार ज्वेलरी गायब होते देख पीड़िता के परिवार को शक हुआ। उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। 18 जुलाई को पीड़िता ने परिजनों के साथ वायडी नगर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

## आरोपी से 15 लाख के जेवर बरामद

फिर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि पीड़िता जिसे राजवीर के नाम से जानती थी। उसका असली नाम गोपाराम उर्फ गोपाल उर्फ राजवीर है। वह राजस्थान के सिरोही का रहने वाला है।



पुलिस ने आरोपी से जेवर बरामद किए हैं जिसमें सोने की 4 चूड़ियां, उंगलियों की 4 अंगूठियां, गले के 5 सोने के मांदलिया, एक सोने का हार, एक मंगलसूत्र, एक सोने की चेन और एक जोड़ी सोने की झुमकियां शामिल हैं। सभी की कीमत 15 लाख रुपए है।









समस्या अनेक समाधान एक

अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर

ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD

आपके लिए लाया है

GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation

की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...

पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001

Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटरर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306